Title: Requests the Central Government to direct the State Government of Madhya Pradesh to supply 24 hour electricity to the farmers at Mandla and need to change transformers.

श्री रामानन्द सिंह (सतना): सभापति महोदय, मध्यप्रदेश के सतना जिले में विद्युत मंडल किसानों के साथ लापरवाही कर रहा है। अभी भी किसानों की ३० प्रतिशत खेती बिजली न मिलने से सिंचाई के अभाव में बोने के लिए शेष है। सतना जिले में विद्युत मंडल की लापरवाही से ४० प्रतिशत ट्रांसफार्मर जल गए हैं। २३०० किसानों ने पांच वर्ष पूर्व अपने-अपने खेतों पर विद्युत पंप लगाने हेतु विद्युत कनैक्शनों हेतु आवेदन किए, लेकिन म.प्र.राज्य विद्युत मंडल ने अभी तक उनको ि वद्युत कनैक्शन नहीं दिए हैं जिसके कारण उनको भारी क्षति पहुंच रही है। मेरा आपके माध्यम से अनुरोध है कि यहां से मध्यप्रदेश शासन को निर्देश दिए जाएं कि मंडला के किसानों को प्राथमिकता के आधार पर २४ घंटे बिजली की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, जले हुए ट्रांसफार्मरों को तुरंत बदला जाए या सुधारा जाए और २३०० किसानों को विद्युत कनैक्शन देने हेतु तत्काल कार्रवाई की जाए ताकि एक माह में सभी किसानों को विद्युत कनैक्शन मिल सकें।

सभापति महोदय, समूचे देश में कांग्रेस सरकार ने विद्युत उत्पादन एवं सप्लाई के मामले में घोर लापरवाही बरती है और अब मध्यप्रदेश में सरकार किसानों को बिजली देने में घोर लापरवाही कर रही है। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री बड़े-बड़े उद्योगपतियों से मिलकर उन्हें तो विद्युत देने की बात कह रहे हैं, लेकिन किसानों के लिए विद्युत सप्लाई नहीं हो रही है। इसलिए मेरा आपके माध्यम से भारत सरकार से निवेदन है कि वह मध्यप्रदेश शासन को यहां से विशेष हिदायतें दे ताकि सतना जिले के किसानों को प्राथमिकता के आधार पर बिजली मिल सके, वहां जले हुए ट्रांसफार्मर बदले जा सकें और २३०० किसानों को विद्युत कनैक्शन तुरंत मिल सकें।